**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
**उड़ान निरीक्षण एकक**
**सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली – 110003**
**विज्ञापन**

**विषय :- संविदा के आधार पर सह-पायलट(पी 2) की नियुक्ति ।**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा), भारत सरकार का एक **अनुसूची-'ए' मिनी रत्न श्रेणी-1 सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम** है, जिसे देश में जमीन और वायु क्षेत्र दोनों में नागर विमानन अवसंरचना के सृजन, उन्नयन, रखरखाव और प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। **भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को डीजीसीए, भारत द्वारा "हवाई कार्य (सी एन एस सुविधाओं का फ्लाइट केलिब्रेशन )" करने हेतु एक नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटर परमिट (एनएसओपी) भी प्रदान किया गया है।**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के उड़ान निरीक्षण एकक में चार एयरक्राफ्ट फ्लाइट केलिब्रेशन सेवाओं के लिए शामिल किए गए हैं, जैसे: डॉर्नियर डीओ-228 (वीटी-ईपीयू), एसकेए-बी–350 (वीटी – एफआईयू) और एसकेए बी-360 (वीटी – सी एन एस और वीटी – एफ़आईएस) ये सभी एयरक्राफ्ट पूर्णतः स्वचालित उड़ान निरीक्षण प्रणाली (फ्लाइट इंस्पेक्शन सिस्टम) (एएफआईएस) से सुसज्जित हैं। यह प्रणाली GNSS तकनीक का व्यापक उपयोग करती है और प्रतिकूल मौसम व दृश्यता की स्थिति में भी प्रयोग की जा सकती है। यह एक अत्याधुनिक, पूर्णतः कंप्यूटर आधारित प्रणाली है जो श्रेणी-III आई एल एस का उड़ान परीक्षण करने में सक्षम है। यह प्रणाली आधुनिक प्रणालियों यथा -: एस बी ए एस, आर एन ए वी प्रक्रियाएं, ए डी एस-बी आदि के उड़ान परीक्षण की आवश्यकताओं को भी पूरा करने में सक्षम है। यह निम्नलिखित सुविधाओं का उड़ान परीक्षण कर सकती है - कैट-III तक आईएलएस ,वीओआर (सीवीओआर/डीवीओआर) ,डीएमई,एनडीबी , वीजीएसआई (पीएपीआई, वीएएसआई) ,रडार (एएसआर/एमएसएसआर), जी बी ए एस/ आर एन ए वी , आर अन पी, अल पी वी प्रक्रियाएं

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण** निम्नलिखित नियमों और शर्तों के अनुसार संविदा के आधार पर सह-पायलट (पी 2) पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है :

**1. पदों का विवरण :**

| क्र.सं. | पद | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सह-पायलट (पी 2) – बीचक्राफ्ट बी 350/ बी 360 | 02 |

**2. पात्रता मानदंड:**

| | |
|---|---|
| **शैक्षणिक योग्यता** | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 10+2 (भौतिकी और गणित के साथ)। |
| तकनीकी योग्यता / लाइसेंस आवश्यकताएं: | • डीजीसीए, भारत द्वारा जारी वर्तमान वैध सीपीएल, जिसमें मल्टी इंजन पर कम से कम 500 उड़ान घंटे हों।<br>• डीजीसीए, भारत द्वारा जारी वर्तमान एफआरटीओएल।<br>• वर्तमान आईआर एंडोर्समेंट |

| | |
|---|---|
| | • डब्ल्यूपीसी, संचार मंत्रालय, भारत द्वारा जारी वर्तमान आरटीआर (ए) या आरटीआर (पी) या आरटीआर (सी)।<br>• डीजीसीए, भारत द्वारा जारी वर्तमान क्लास-1 मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र।<br>• वैध ईएलपी<br>• उम्मीदवारों के पास भारतीय पासपोर्ट होना चाहिए, यदि पासपोर्ट उपलब्ध न हो तो आवेदन जमा करने का प्रमाण संलग्न करना होगा।<br>• न्यूनतम 1000 कुल उड़ान घंटे अपेक्षित हैं। |

3. **संविदा अवधि:**

3 (तीन) वर्ष, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन और पारस्परिक सहमति पर आगामी 2 (दो) वर्षों (वर्ष आधार पर ) के लिए बढ़ाया जा सकता है।

4. **मासिक पारिश्रमिक:**

उद्योग मानकों के अनुसार 2.50 लाख से शुरू होने वाला नेगोशिएबल मासिक पैकेज जिसमें 50 घंटे का सुनिश्चित उड़ान भत्ता शामिल है। जीएसटी का हिस्सा भाविप्रा द्वारा वहन किया जाएगा। एक माह में 50 घंटे से अधिक उड़ान भरने पर पायलटों को मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार अतिरिक्त उड़ान भत्ता दिया जाएगा।

5. **वार्षिक वेतनवृद्धि:**

नेगोशिएबल मासिक पैकेज पर 5% की वार्षिक वेतनवृद्धि दी जा सकती है।

6. **प्रारंभिक मुद्रा/पुनरावृत्ति प्रशिक्षण / नॉन-रेटेड सह-पायलट और बांड :**

प्रारंभिक मुद्रा प्रशिक्षण और व्यय भाविप्रा द्वारा वहन किया जाएगा**,** बशर्ते सह-पायलटद्वारा **03** वर्ष की अवधि के लिए बांड निष्पादित किया जाए। खर्च की वसूली ₹1 लाख प्रति माह की घटती दर पर होगी।

नॉन -रेटेड पायलट, यदि चयनित होते हैं, तो उन्हें डीजीसीए द्वारा अनुमोदित प्रशिक्षण संस्थानों से डीजीसीए सीएआर के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। इस तरह के प्रशिक्षण और जांचों से संबंधित खर्चों को उम्मीदवार से उपयुक्त बैंक सुरक्षा प्राप्त करने के बाद उनके वर्तमान टाइप के अनुसार भाविप्रा द्वारा वहन किया जाएगा। इन उम्मीदवारों को तीन साल की प्रतिबद्ध अवधि के लिए सेवा करने के लिए भाविप्रा के साथ एक बांड* निष्पादित करना आवश्यक है। यदि उम्मीदवार सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें पिछले प्रशिक्षण के दो महीने के भीतर अपनी लागत पर दोबारा प्रशिक्षण लेना होगा और प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा, ऐसा न करने पर उन पर खर्च की गई राशि बैंक प्रतिभूतियों के लिए वसूल की जाएगी। उम्मीदवार के प्रशिक्षण और संबंधित टीए/डीए व्यय प्रारंभिक मुद्रा प्राप्त करने के बाद प्रति माह 1.5 लाख रुपये की दर से वसूल किए जाएंगे।

**वजीफा/पारिश्रमिक**: प्रशिक्षण अवधि के दौरान पायलटों को 50,000/- रुपए प्रति माह वजीफा दिया जाएगा और एसएलएफ (सुपरवाइजर लाइन फ्लाइंग) की शुरुआत से उन्हें पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा।

* बॉन्ड की राशि प्रशिक्षण पर होने वाले कुल खर्च के बराबर होगी। टीए/डीए और लागू कर, यदि कोई हो।

**7. विमानन व्यक्तिगत दुर्घटना (पीए) / लाइसेंस की हानि (एलओएल) बीमा :**

विमानन पीए/एलओएल बीमा प्रीमियम भाविप्रा द्वारा भाविप्रा दिशानिर्देशों के अनुसार वहन किया जाएगा। वर्तमान में बीमा कवर प्रत्येक सह-पायलट के लिए 50 लाख रुपए है।

**8. लाइसेंस/आईआर/पीपीसी/मेडिकल नवीनीकरण**:

सह-पायलट के लाइसेंस की वैधता और आईआर/पीपीसी, मेडिकल आदि से संबंधित गतिविधियों का समन्वय उनिए के प्रचालन विभाग द्वारा किया जाएगा। सह-पायलट को तदनुसार स्वयं को उपलब्ध कराना होगा। परीक्षण में असफल होने पर वह लाइसेंस मुद्रा की आवश्यकता को पूरा करने तक आनुपातिक आधार पर अपनी अनुबंधित राशि प्राप्त करने के लिए अयोग्य हो जाएगा। आवर्ती सिम्युलेटर प्रशिक्षण के लिए शुल्क /प्रभार भाविप्रा द्वारा सह-पायलटों से बैंक गारंटी या समकक्ष राशि के पोस्टडेटेड चेक के बदले भुगतान किया जाएगा।

आईआर/पीपीसी सिम्युलेटर प्रशिक्षण के लिए सह-पायलटको सिम्युलेटर प्रशिक्षण पूरा होने की तिथि से न्यूनतम 01 वर्ष की अवधि हेतु भाविप्रा की सेवा करने के लिए भाविप्रा के साथ एक बांड** निष्पादित करना अपेक्षित है ।

** बांड राशि प्रशिक्षण के लिए कुल खर्च के बराबर होगी। टीए/डीए और लागू कर, यदि कोई हो।

9. **निर्वाह भत्ता**:

निलंबन अवधि के दौरान मासिक संविदा शुल्क का 50% निर्वाह भत्ता आनुपातिक आधार (प्रो राटा) पर दिया जाएगा। यदि जांच का परिणाम सह-पायलट के विरुद्ध आता है, तो सह-पायलट द्वारा निर्वाह भत्ता वापिस किया जाएगा ।

10. **आवास :**

सह-पायलट को मुख्य स्टेशन, दिल्ली में अपने आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। बाहरी स्टेशनों पर फ्लाइट कैलिब्रेशन ड्यूटी के दौरान सह-पायलट के लिए होटल आवास की व्यवस्था भाविप्रा द्वारा की जाएगी जोकि संयुक्त महाप्रबंधक, भाविप्रा के स्तर की पात्रता के अनुसार होगा|

11**. परिवहन शुल्क :**

उड़ान कैलिब्रेशन ड्यूटी के दौरान, परिवहन की व्यवस्था संयुक्त महाप्रबंधक, भाविप्रा के स्तर की पात्रता के अनुसार होगी ।

12. **छुट्टियाँ :**

सह-पायलट को एक कैलेंडर वर्ष में 12 दिन की आकस्मिक छुट्टी और 18 दिन की बीमारी की छुट्टी (सिक लीव) मिलेगी। एक कैलेंडर वर्ष में न ली गई छुट्टियों को न तो अगले कैलेंडर वर्ष में जोड़ा जाएगा और न ही नकद भुगतान किया जाएगा । पात्रता से अधिक छुट्टियों पर मासिक वेतन से आनुपातिक आधार (प्रो राटा) पर कटौती की जाएगी। सह-पायलटको ड्यूटी रोस्टर के अनुसार कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

13. **ग्रेच्युटी/पीएफ/चिकित्सा सुविधा:**

सह-पायलट को ग्रेच्युटी और सीपीएफ देय नहीं होगा एवं भाविप्रा द्वारा सह-पायलट या उसके आश्रितों को कोई चिकित्सा सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी ।

14. **संविदा की समाप्ति :**

संविदा को किसी भी पक्ष द्वारा छह महीने का नोटिस देकर समाप्त किया जा सकता है।, यदि कोई सह-पायलट एक कैलेंडर वर्ष में स्वीकृत छुट्टी के बाद भी लगातार 15 दिन से अधिक अनुपस्थित रहते हैं, तो भाविप्रा द्वारा सह-पायलट की सेवाएं रद्द कर दी जाएगी |

15. **अन्य नियम एवं शर्तें:**

- संविदा अवधि के दौरान सह-पायलट को भाविप्रा हेतु कैलिब्रेशन उडान ड्यूटी और भाविप्रा द्वारा सौंपे गए अन्य संबंधित कार्यों के लिए हमेशा उपलब्ध रहना होगा। भाविप्रा के अतिरिक्त अन्य किसी के साथ उड़ान भरने के लिए पायलटों को कार्यपालक निदेशक (उनिए) से अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक होगा ,चाहे वह अपने लाइसेंस की वैधता के लिए हो या लाइसेंस के पुनर्वैधीकरण हेतु न्यूनतम उड़ान घंटे पूरे करने के आशय से अतिरिक्त उड़ान घंटे दर्ज करने के लिए हो ।
- सह-पायलट भाविप्रा के लिए काम करेंगे और भारत में या बाहर कहीं भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कार्य नहीं करेंगे । यदि सह-पायलटभाविप्रा को सेवा देने में विफल रहता है तो इसे संविदा का उल्लंघन माना जाएगा (जिसका एकमात्र निर्णायक भाविप्रा होगा) और भाविप्रा को मौजूदा नियमों और विनियमों के अनुसार उचित कार्रवाई करने का पूर्ण अधिकार होगा।

- सह-पायलट और प्राधिकारी के बीच नियुक्ति संविदा की वैधता, व्याख्या, पालन या उल्लंघन से संबंधित सभी विवादों का निपटान मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा । भाविप्रा एकमात्र मध्यस्थ होगा। मध्यस्थता का स्थान नई दिल्ली होगा। मध्यस्थ का निर्णय बाध्यकारी होगा।
- उपर्युक्त के अधीन, इस संविदा अवधि के दौरान या उसके बाद किसी भी विवाद या मतभेद की स्थिति में, इस संविदा से संबंधित सभी मामलों में नई दिल्ली के न्यायालयों को विशेष अधिकार क्षेत्र प्राप्त होगा।
- सह-पायलट को डीजीसीए नियमों के अनुसार अपने एफडीटीएल और अन्य अनिवार्य आवश्यकताओं की निगरानी और पालन करना होगा।
- भाविप्रा सह-पायलटके पिछले नियोक्ता के साथ किसी भी कानूनी/संविदात्मक संविदा से उत्पन्न विवाद का पक्ष नहीं होगा। सह-पायलटको भाविप्रा , उनिए के साथ संविदात्मक संविदा करने से पूर्व ऐसी सभी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।

17. **आयु सीमा: डीजीसीए इंडिया के अनुसार**

सह-पायलट की नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 60 वर्ष तक होगी। हालाँकि, उसे लाइसेंस की वैधता और डीजीसीए के नियमों और विनियमों के अनुसार अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के अधीन 65 वर्ष की अधिकतम आयु तक सह-पायलट के रूप में पुनः नियुक्त किया जा सकता है। आयु की गणना दिनांक 01.02.2026 के अनुसार की जाएगी।

## आवेदन कैसे करें

जो उम्मीदवार आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भाविप्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध इस विज्ञापन का आवेदन प्रारूप (अनुलग्नक-I) डाउनलोड करें और आवश्यक विवरण भरें। सभी सहायक दस्तावेजों की रंगीन स्कैन की गई प्रतियों के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन **ईमेल आईडी "edfiu@aai.aero"** और **ईमेल आईडी "gmfiu@aai.aero"** पर दिनांक **11.02.2026** को या उससे पहले जमा किया जाए। **अधूरे और अस्पष्ट आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे ।** अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

यदि कोई प्रश्न या संदेह हो तो, उसे ईमेल आईडी edfiu@aai.aero या gmfiu@aai.aero पर ईमेल के माध्यम से पूछा जा सकता है।

**नोट: आवेदन में प्रदान की गई जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए और संबंधित स्वप्रमाणित दस्तावेज़ों/प्रमाणपत्रों की प्रति द्वारा समर्थित होनी आवश्यक है।**

**आवेदन के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची:**

i) आवेदन प्रारूप में चिह्नित स्थान पर लगाया गया एक हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटो
ii) जन्म तिथि, योग्यता, अनुभव के लिए सभी सहायक दस्तावेजों की फोटोकॉपी का एक सेट।

iii) लाइसेंस/एंडोर्समेंट , अद्यतित फ्लाइंग लॉगबुक की फोटोकॉपी का एक सेट।

-डीजीसीए, भारत द्वारा जारी वर्तमान क्लास-I मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र

- डीजीसीए, भारत द्वारा जारी वर्तमान वैध एटीपीएल/सीपीएल

-डीजीसीए, भारत द्वारा जारी वर्तमान एफआरटीओएल

-आईआर एंडोर्समेंट

- डब्ल्यूपीसी, संचार मंत्रालय, भारत द्वारा जारी वर्तमान आरटीआर (ए) या आरटीआर (पी) या आरटीआर (सी)

- वैध ईएलपी

- वैध पासपोर्ट, यदि उपलब्ध न हो, तो आवेदन जमा करने का प्रमाण संलग्न किया जाना चाहिए।

आवेदनों की जांच के बाद, शॉर्टलिस्ट किए गए पात्र उम्मीदवारों को सूचित किया जाएगा और उम्मीदवारों द्वारा उनके आवेदन में दिए गए ईमेल के माध्यम से व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार ईमेल के माध्यम से इस कार्यालय द्वारा सूचित किए गए निर्धारित स्थान, तिथि और समय पर व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए उपस्थित होंगे।

सरकारी/अर्धसरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता द्वारा जारी "अनापत्ति प्रमाण पत्र" लाना आवश्यक है |

**सामान्य**

भाविप्रा अपनी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार उपर्युक्त अनुसूची/शर्त/आवश्यकता/पदों की संख्या में संशोधन/परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को निश्चित अवधि के  लिए संविदा  के आधार पर नियुक्ति किया जाएगा।

कृपया यह भी ध्यान रखें कि आपकी उम्मीदवारी पूरी तरह से अनंतिम है, अगर किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार के पास निर्धारित योग्यता/निर्धारित पात्रता मानदंड नहीं है, तो इस मामले में आपसे कोई पत्राचार किए बिना आपकी उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाएगा। उम्मीदवार को  किसी भी रूप में प्रचार करने पर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा ।

चयनित सह-पायलटउम्मीदवारों को भाविप्रा  के साथ उस समझौते पर हस्ताक्षर करने होंगे जिसमें विज्ञापन में उल्लिखित शर्तें और साक्षात्कार के दौरान अंतिम रूप दी गई शर्तें शामिल होंगी।

**कार्यपालक निदेशक (उनिए एवं रेनिविए)**
**भारतीय विमानपत्तन  प्राधिकरण**
**सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली - 110003**

**नोट: यहाँ यह उल्लेखनीय है कि किसी  भी  विवाद या विसंगति की स्थिति में अंग्रेजी पाठ को अधिकृत माना जाए |**

**अनुलग्नक - I**

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**

**उड़ान निरीक्षण एकक**

**सफदरजंग हवाई अड्डा ,नई दिल्ली - 110003**

---

**आवेदन का प्रारूप**

1. आवेदित पद : सह-पायलट(पी 2)
2. नाम :____________________________________
3. पिता का नाम :____________________________________
4. पता :____________________________________

____________________________________

पिन कोड ____________________________________

आवेदक अपना पासपोर्ट आकार का अद्यतन फोटो चिपकाएं.

5. संपर्क विवरण:

(i) दूरभाष नं :____________________________________

ii)मोबाइल नं: ------------------------------------------------ iii) ई-मेल आईडी-------------------

6. जन्म तिथि :____________________________________

7. आयु ( 01.02.2026 को)
__________(वर्ष)_________(माह)_______(दिन)

8. राष्ट्रीयता :____________________________________

.9 धर्म -------------------------------------------------------------

**10. शैक्षणिक योग्यता ( 10+2 से आगे )**

| **उत्तीर्ण परीक्षा** | **विश्वविद्यालय/ बोर्ड** | **परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष** | **विषय** | **अंको का %** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

11. **क्या आपने कभी नौकरी की हैं ? हाँ / नहीं**

* **( यदि हां तो विवरण दें )**

| **संगठन** | **पदनाम** | **अवधि** | | **टिप्पणियां** |
|---|---|---|---|---|
| | | **से** | **तक** | |
| | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

12. **तकनीकी योग्यताएं:**

**लाइसेंस विवरण :**

| **लाइसेंसश्रेणी** | **संख्या** | **जारी करने की तिथि** | **वैधता** | | **टिप्पणियां** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **से** | **तक** | |
| सी पी एल/एटीपीएल | | | | | |
| एफआरटीओएल | | | | | |
| सीओपी/आरटीआर | | | | | |
| आईआर एंडोर्स्मेंट | | | | | |
| बी-350 प्रोलाइन 21/ बी-350 फ्यूज़न / बी-360 पर टाइप रेटिंग | | | | | |
| कोई अन्य एंडोर्स्मेंट | | | | | |

**13. वर्ग -1 मेडिकल स्थिति :**

| **अंतिम मेडिकल जांच** | **मेडिकल वैधता की तिथि ...............तक** | **मेडिकल स्थिति (फिट/अनफिट)** |
|---|---|---|
| | | |

**14. अंग्रेजी भाषा प्रवीणता ( ईएलपी ):**

| **ईएलपी स्तर** | **................को ईएलपी की गई** | **ईएलपी की वैधता तिथि ............. तक** |
|---|---|---|
| | | |

**15. कुल उड़ान घंटे :**

| **एयरक्राफ्ट का प्रकार** | **कमांड** | **सह- सह-पायलट/ डुयल** | **कुल घंटे** | **यदि कोई टिप्पणी हो** |
|---|---|---|---|---|
| 1. सिंगल इंजन | | | | |
| 2.मल्टी इंजन | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. बी-350 प्रोलाइन 21/बी-350 फ्यूजन/बी-360 फ्यूजन | | | | |
| 4. कोई अन्य एयरक्राफ्ट (कृपया निर्दिष्ट करें) | | | | |
| 5. कुल उड़ान घंटे | | | | |
| 6 एनएसओपी/शेड्यूल के साथ उड़ान कार्य का अनुभव: | | | | |

**(डीजीसीए द्वारा जारी अनुमोदन प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें)**

**16. क्या आपके साथ उड़ान के दौरान कोई दुर्घटना हुई? हाँ ______ नहीं ________**

**(यदि हां, तो कृपया बताएं। दिए गए दंड/चेतावनी सहित संक्षिप्त विवरण प्रदान करें)**

**17. डीजीसीए कंप्यूटर नंबर**

**18. पासपोर्ट विवरण:**

संख्या ____________________

जारी करने की तिथि ___________________

समाप्ति तिथि __________________

**19. कोई अन्य जानकारी :**

**घोषणा**

मैं यह घोषणा करता /करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गईं उपर्युक्त सूचनाएं मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही हैं । मैं यह समझता / समझती हूं यदि यह पाया गया कि मैंने कोई तथ्यात्मक जानकारी छिपाई है तो मेरी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी ।

दिनांक: __________________

स्थान: __________________

उम्मीदवार के हस्ताक्षर